# ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन

ग्रामों में ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन हेतु निर्मित परिसम्पत्तियों (आर0आर0सी0, प्लास्टिक बैंक, कचरा पात्र, नाडेफ, वर्मी कम्पोस्ट पिट, कम्पोस्ट पिट इत्यादि) को कियाशील एवं कलैक्शन हेतु तैनात कार्मिको ंका समय–समय पर उन्मुखीकरण किया जाना अति आवश्यक है। आर0आर0सी0 के संचालन हेतु तैनात कार्मिक/स्वयं सहायता समूह को पूर्ण रूप से हैण्डओवर किया जाना उचित होगा क्योंकि सेग्रीगेशन के पश्चात विक्रय किये गये कूडे एवं वर्मी कम्पोस्ट से अर्जित धनराशि समूह को प्राप्त होगी तो वह और अधिक रूचि के साथ कार्य करेगे।